राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर शिक्षकों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 04 सितम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति तथा महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, राजनेता एवं सम्पूर्ण शिक्षक–समाज के श्रेष्ठ प्रतिनिधि–व्यक्तित्व स्व॰ डॉ॰ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित होनेवाले 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

अपने 'संदेश' में राज्यपाल ने कहा है कि शिक्षण–संस्थानों में छात्रों के जीवन व चरित्र के निर्माण तथा उनके समग्र विकास में शिक्षक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा विद्यार्थियों में अन्तर्निहित सद्गुणों को विकसित कर उनके उत्कृष्ट प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का सृजन करते हैं। उन्होंने कहा है कि भारत को महाशक्ति बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रही छात्र युवाशक्ति को महान शिक्षाविद् डॉ॰ राधाकृष्णन से प्रेरणा ग्रहण कर कुशल मार्गदर्शन प्रदान करना शिक्षकों का परम सामाजिक दायित्व है।

राज्यपाल श्री टंडन ने विश्वास व्यक्त किया है कि छात्र–छात्राओं में सत्य, अहिंसा, त्याग, बंधुत्व, नैतिकता, राष्ट्र–प्रेम एवं विश्वमैत्री जैसी उदात्त भावनाओं को विकसित करने तथा आधुनिक ज्ञान–विज्ञान की संचेतना उनमें समाहित करने में शिक्षक अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

....